# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 24 जून 2024

www.cvru.ac.in

# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

Chhattisgarh, Bilaspur | AN AISECT GROUP UNIVERSITY

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | A NAAC Accredited University

## THE FIRST PRIVATE UNIVERSITY IN CHHATTISGARH ACCREDITED WITH "A" GRADE BY NAAC



REACH THE HEIGHTS OF SUCCESS

### Approvals & Recognition From Regulatory Bodies

- Dr. C.V. Raman University is recognized by 2(f) under section 22 of UGC (University Grant Commission) Act 1956
- The AICTE (All India Council of Technical Education) has approved the B.Tech, M.Tech, MBA & Diploma in Engineering Programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur
- The NCTE (National Council for Teacher Education) has approved the B.Ed & M.Ed Programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur
- The BCI (Bar Council of India) has approved the B.A.L.L.B., LL.B., & B.Com. L.L.B Programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur
- Dr. C.V. Raman University is the member of the Association of Indian Universities (AIU)
- The University is Approved by CGPURC (Chhattisgarh Private University Regulatory Commission)
- The PCI (Pharmacy Council of India, a statutory body constituted under the Pharmacy Act, 1948) has approved the D.Pharm, B.Pharm & M.Pharm programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur

Our Recruiting Companies Partner

## Programmes Offered

### ENGINEERING & TECHNOLOGY
**B.Tech.**
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
- Electrical Engineering
- Electronics & Comm. Engg
- Computer Science Engg.
- Electrical & Electronics Engg.

**Polytechnic Diploma**
- Civil Engineering
- Mechanical Engineering
- Computer Science Engg.
- Electrical Engineering

**M. Tech.**
- Digital Communication
- Power System
- Computer Science Engg.
- Production Engineering
- VLSI • Software Engg.

Mo. 7773009312

### PHARMACEUTICAL SCIENCES
- B. Pharm-(4-Year Course)
- D. Pharm-(2-Year Course)
- M. Pharm-(2-Year Course)

Mo. 6261900582

### MANAGEMENT
- B.B.A.| M.B.A. |PGDBM

Mo. 7773009321

### COMMERCE
- B.Com. | M.Com.

Mo. 7773009321

### LAW
- LL.M. | LL.B.
- B.A. (LL.B.)
- B.Com.(LL.B.)

Mo. 7773009315

### INFORMATION TECH.
- M.Sc. (IT) • M.Sc. (CS)
- P. G.D.C.A.
- B.C.A. • D.C.A.

Mo. 7773009319

### SCIENCE
- B.Sc. (Mathematics, Biology, Microbiology, Biotech, Computer Science)
- M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics, Micro-biology, Botany, Biotech, Zoology, Electronics, Rural Technology )
- PGDRD

Mo. 7773009316

### PHYSICAL EDUCATION
- B.P.E.S. | M.P.E.S.

Mo. 7773009311

### EDUCATION
- B.Ed. | M.Ed.

Mo. 7773009361

### ARTS
- B.A.
- PERFORMING & FINE ARTS (Indian Music (Vocal) Kathak, Tabla, Guitar)
- *B.F.A. | M.F.A.*
- M.A.
  - Linguistics- (English, Hindi, Chhattisgarhi, Sanskrit)
  - Social Science - (History, Geography, Economics, Sociology Political Science, Education)
- B.Lib. | M.Lib.
- M.S.W. (Social Work)
- B.J. | M.J.

Mo. 6261900581

### B.VOC
- Automobile Servicing
- IT Application Development
- Banking Financial Services and Insurance
- Construction • Production Technology
- AC & Refrigeration
- Multi Media & Animation
- Fashion Designing • Interior Decoration
- Fire & Safety (Industrial & Construction)

Mo. 6261900581

### Research Programmes Ph.D.

Mo. 7773009320

## ADMISSION OPEN 2024-25

### Special Features at CVRU Chhattisgarh

- Fully Automated Library with KOHA Software, integrated with RFID System
- Smart Classrooms with smart boards
- NEP Aligned Programme
- Research-oriented environment with ultra modern facilities
- Online Live Lectures & contents in MOOCS, SWAYAM, NPTEL
- Enhancement in Skill based Education
- 150+ MoUs with national & international organizations and industry partners
- 14 Centres, Clubs & Committees for Holistic Development of Students
- Sustainable campus with Solar Energy resources & Energy Park
- Excellent indoor & outdoor Sports facilities
- (ITBI) inclusive technology business Incubator supported by DST Govt. of India
- Chhattisgarhi Lok Kala and Sanskriti Kendra & Chhattisgarhi Museum (Sanjohi)
- Fulfil civic and social responsibility through NSS, NCC, UBA & Social outreach activities
- Strong Industrial linkage with National & MNC'S to ensure valuable opportunities for internships and job placements, enriching students' practical experiences.
- Herbal Medicinal Garden & Raman Greens
- 1,000 Mbps optical fibre Speed
- CIF (Central Instrumentation facility with advanced lab equipments)

### Skill Partners

AISECT LEARN — INHOUSE LMS DELIVERING NEW AGE COURSES

Certification Courses in
- Digital Marketing
- Cyber Security
- Data Science
- AI/ML

Hero | RedHat | Microsoft




## ADMISSION HELPLINE: 6261-900581/82

Kargi Road, Kota, Bilaspur (C.G.), Phone: +91-7753-253801
Email: info@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

City Office: Dr. C.V. Raman University, Infront of Pallav Bhavan, Ring Road No.2, Bilaspur (C.G.) Ph. 07752-448799, Mo. 9109028878

AdPRAYAS

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, सोमवार 24 जून 2024


**हमने कुछ गलत नहीं किया: डा. नीरज पहलाजानी**

*बच्चा बदलने के मामले में लगाए गए गंभीर आरोप के मामले में पहलाजानी टेस्ट ट्यूब बेबी एवं आईवीएफ सेंटर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज पहलाजानी ने इस आरोप से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि संस्थान में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। हमने कुछ गलत नहीं किया है। डीएनए रिपोर्ट पर भी उन्होंने कुछ कहने से इनकार किया है।*

# टेस्ट ट्यूब सेंटर पर बच्चा बदलने का आरोप, पिता ने कहा- डीएनए मैच नहीं, बच्ची के भविष्य पर उठे सवाल

विकास शर्मा ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

एक छह महीने की बच्ची के भविष्य को लेकर गंभीर सवाल खड़ा हो गया है। बच्ची के पिता का आरोप है कि उसका डीएनए बच्ची से मैच ही नहीं करता। जिस अस्पताल में डिलीवरी हुई उसमें बेटे की जगह उन्हें बदलकर बच्ची दे दी गई। डीएनए टेस्ट उन्होंने निजी लैब से कराया। थाने में शिकायत की गई लेकिन दो महीने में जांच आगे नहीं बढ़ी। आरोप लगा है रायपुर के पहलाजानी टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर पर। रायपुर के थाना खम्हारडीह में इसकी शिकायत दो महीने पहले की गई थी। थाना प्रभारी का कहना है कि जहां जांच चल रही है। वहीं इस मामले में टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर का कहना है कि हमने कुछ भी गलत नहीं किया है। इन सबके बीच एक बच्ची के भविष्य को लेकर गंभीर सवाल खड़ा हो गया है। उसका भविष्य क्या होगा।

उल्लेखनीय है कि अशोक सिंह मूलतः बड़े बचेली में रहने वाले हैं और कुछ समय से रायपुर में निवासरत हैं। उन्होंने हरिभूमि को बताया कि उनका एक बेटा था जो चल बसा। पत्नी लगातार उस बेटे को फिर से पाने की इच्छा व्यक्त करती थी। मानना था कि उसका खोया हुआ बेटा दूसरे बेटे के रूप में फिर से ▶▶| शेष पेज 2 पर

- बेटा-बेटी पैदा हुए, अस्पताल वालों ने सौंप दी दो बेटियां, पुलिस कर रही जांच
- थाने में दो महीने से जांच आगे नहीं बढ़ी, बच्ची का भविष्य क्या होगा, यह गंभीर सवाल

## बचेली के अशोक सिंह ने पहलाजानी टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर पर लगाया है आरोप





### बच्ची के भविष्य पर सवाल

इस मामले में सबसे संवेदनशील पहलू बच्ची के भविष्य से जुड़ा है। पिता को डीएनए जांच में पता चला है कि बेटी उसकी नहीं है। वहीं अस्पताल प्रबंधन कुछ भी गलत नहीं बता रहा। थाने में शिकायत के दो महीने बाद भी अब तक कुछ ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ऐसे में बच्ची के भविष्य को लेकर सवाल खड़ा हो गया है।शासन या प्रशासन स्तर पर इस पर तथ्य परक निर्णय होना चाहिए। ताकि बच्ची को लेकर किसी तरह का संदेह नहीं रहे।

### थाना प्रभारी ने कहा- जांच जारी है

अशोक सिंह ने बताया कि कुछ शुभचिंतकों ने मामला न्यायालय में ले जाने की सलाह दी जिस पर उनकी बड़ी राशि खर्च हो गई मगर काम नहीं बना। अप्रैल में रायपुर के खम्हारडीह थाने में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी खम्हारडीह श्रुति सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा। दो महीने में जांच कितनी आगे बढ़ी है इसे लेकर स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। इस बीच बच्ची छह महीने की हो गई है।

## T20 world cup स्कोर बोर्ड

अफगानिस्तान 148/6 VS आस्ट्रेलिया 127/10

21 रन से जीता अफगानिस्तान

4 विकेट : गुलबदिन नायब
प्लेयर ऑफ द मैच

अमेरिका 115/10 VS इंग्लैंड 117/0

10 विकेट से जीता इंग्लैंड

2 विकेट : आदिल रशीद
प्लेयर ऑफ द मैच

**आज के मैच**

वेस्टइंडीज Vs द. अफ्रीका
समय : सुबह 6 बजे

भारत Vs आस्ट्रेलिया
समय: रात 8 बजे

## खबर संक्षेप

### अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र आज से

**नई दिल्ली।** अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इसमें नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद, 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को लोकसभा का अस्थाई अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### जीएसटी परिषद तीन मंत्री समूहों का करेगी पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद को उसके तहत आने वाले तीन मंत्री समूहों का पुनर्गठन करना होगा।



इसका कारण यह है कि 11 राज्यों के नए मंत्री शनिवार को परिषद में शामिल हो गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि शनिवार को जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा से 11 नए मंत्री शामिल हुए।

### पूर्व विधायक अग्नि चंद्राकर का निधन

**महासमुंद।** महासमुंद के पूर्व विधायक एवं बीज विकास निगम में अध्यक्ष रहे अग्नि चंद्राकर का रविवार को निधन हो गया।



वह काफी दिनों से अस्वस्थ थे और राजधानी के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय चन्द्राकर की आत्मा की शांति की प्रार्थना के साथ ही पीड़ित परिवारजनों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की है।

### एसबीआई की 400 नई शाखाएं खोलने की योजना

**नई दिल्ली।** एसबीआई चालू वित्त वर्ष (2024-25) में देशभर में 400 नई शाखाएं खोलने की तैयारी कर रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने पिछले वित्त वर्ष में 137 शाखाएं खोली हैं। इनमें से 59 नई ग्रामीण शाखाएं हैं। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिकांश सलाहकार और संपदा सेवाएं केवल शाखाओं के जरिये दी जा सकती हैं।

## नकली नोट के सेम्पल, प्रिंटर, स्याही एवं अन्य सामान कोराजगुड़ा के जंगल से बरामद

# नक्सलियों का अर्थव्यवस्था पर प्रहार, नकली नोट का कारोबार, प्रिंटर-स्याही समेत नोट बरामद

- बस्तर के हाट बाजारों में नकली नोट खपाया जा रहा था
- नक्सलियों की काली करतूत का हुआ पर्दाफाश


*भोले-भाले आदिवासी ग्रामीणों को धोखे में रखकर अंदरुनी क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजारों में नक्सली लंबे समय से नकली नोट खपा रहे थे। नक्सलियों की काली करतूत का पर्दाफाश करते हुए पुलिस की संयुक्त पार्टी ने नकली नोट के सेम्पल, प्रिंटर, भारी मात्रा में प्रिंटर की स्याही एवं अन्य सामग्री कोराजगुड़ा के जंगलों से बरामद की है। सुकमा जिले के थाना भेज्जी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कोराजगुड़ा के जंगल से भरमार बंदूक, वायरलेस सेट समेत भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में नक्सलियों के द्वारा नकली नोट छापकर खपाने की सूचना मिलने पर 22 जून को जिला बल, डीआरजी बस्तर फाईटर एवं 50 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी विशेष नक्सल गस्त सर्चिंग के लिए ग्राम मैलासूर, कोराजगुड़ा, दंतेशपुरम व आस-पास के क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे।

अभियान के दौरान सुरक्षा बलों के द्वारा जंगल-झाड़ियों का सर्चिंग करते हुए आगे बढ़ रहे थे। तभी 22 जून की शाम ग्राम कोराजगुड़ा के जंगल, पहाड़ी में नक्सली सुरक्षा बलों की गतिविधियों को देखकर जंगल, पहाड़ी की आड़ लेकर भागने में सफल हुए। घटना स्थल की सर्चिंग करने पर अलग-अलग जगहों पर नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गये नकली नोट बनाने के उपकरण, कलर प्रिंटर मशीन, इन्वर्टर मशीन, कलर इंक एवं 50, 100, 200 व 500 रुपए के नकली नोट के सेम्पल तथा भरमार बंदूक, वायरलेस सेट, मैग्जीन पोच, नक्सली काली वर्दी कपड़ा एवं भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई।





### मिला था प्रशिक्षण

सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि वर्ष 2022 में बड़े नक्सली कैडरों के द्वारा प्रत्येक एरिया कमेटी के एक-एक नक्सली सदस्य को नकली नोट छापने का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण पश्चात अपने-अपने एरिया कमेटी में प्रशिक्षित नक्सली के द्वारा नकली नोट छापकर अंदरुनी क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजारों में खपाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि नक्सलियों द्वारा इन नकली नोटों का परिचलन कर भारतीय अर्थ-व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है।

### नक्सलियों के डम्प से बरामद सामान

कलर प्रिंटर मशीन 1, ब्लेक प्रिंटर मशीन 1, इन्वर्टर मशीन 1, 50,100,200 एवं 500 रुपये के नकली नोट, भरमार बंदूक 2 , भरमार बंदूक बैरल 1 , प्रिंटर मशीन कॉटिज 4, ईमेज किंग, जीपीएस. पाउडर (प्रिंटर मशीन) 118, प्रिंटर ईंक 23, प्रिंटर रोलर 9 , इलेक्ट्रिनीक क्लीनर 2 , मल्टीमीटर 1 , कैल्कुलेटर 1 , वायरलेस सेट 6, वायरलेस सेट चार्जर 6 , वायरलेस सेट बैटरी 2 , वायरलेस सेट एंटीना 4 , वायरलेस सेट क्लीप 7 , चार्जर 5 , बैटरी क्लीप 8 , बैटरी चार्जर 1 , कोर्डेक्स वायर गांठ लगा हुआ 16 , सोल्डर मशीन छोटावाला 2 , स्टील स्केल 1, मोबाईल चार्जर 1 , सूखा डीसी बैटरी 1 , मैग्जीन पोच 4 , एंकलेट 1, पिट्ठू बैग 1, स्टेपलर पीन 3 डब्बा, नक्सली बैनर कपड़ा, नक्सली काली वर्दी 2 जोड़ी, ढोलक 1 , कैम्बेट बैरल कैप 2, दवाईयां, नक्सली दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद की गई।

**दोनों जवानों का शव जिला मुख्यालय लाया गया**

## नक्सलियों ने जवानों के ट्रक को ब्लास्ट कर उड़ाया, दो शहीद



**सुकमा।** नक्सलियों ने सुकमा में 201 कोबरा वाहिनी के एक ट्रक को आईईडी विस्फोट से उड़ा दिया है। घटना में ट्रक चालक और सहचालक जवान शहीद हुए हैं। वहीं, अन्य जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत कैम्प सिलगेर से 201 कोबरा वाहिनी के एडवांस पार्टी का मुवमेंट आरओपी ड्यूटी के दौरान ट्रक एवं मोटर सायकल से कैम्प टेकलगुड़ेम की ओर जा रहा था। कैम्प सिलगेर से टेकलगुड़ेम जाने के रास्ते में नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्लांट किया गया ▶▶| शेष पेज 2 पर

### नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर दुःख जताया। उन्होंने कहा कि ईश्वर से दिवंगत जवानों की आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं।

**एएसपी अभिषेक झा करेंगे जांच**

## मवेशी का सिर मिलने से बवाल, थाने में प्रदर्शन के बाद धारा-144 लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- आरोपियों को पकड़ने 13 सदस्यीय कमेटी

मवेशी का सिर मिलने पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कोतवाली थाना, दुर्ग पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया। बवाल के बाद दुर्ग क्षेत्र में धारा 144 लागू कर दी गई है। इधर, इस मामले में एसपी जितेंद्र शुक्ला ने आरोपियों को पकड़ने के लिए 13 सदस्यीय समिति गठित की है। एएसपी अभिषेक झा को जांच का जिम्मा सौंपा गया है। ▶▶| शेष पेज 2 पर



### प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा- कुत्ता उठाकर ले आया था

मामले में कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मवेशी के अवशेष को कुत्ते लेकर सड़क पर आ गए थे। उनका कहना है कि पास में ही मवेशियों को पाला जाता है। यदि वहां किसी जानवर की मौत हो जाती है तो उसके शव को खेत में डाल दिया जाता है। खेत के पास मरी हुई गाय पड़ी थी, इसे ही कुत्ता उठाकर सड़क पर ले आया था।

## अफगानिस्तान ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया को रौंदा

टी20 विश्व कप



**किंग्सटाउन।** अफगानिस्तान की टीम ने इतिहास रच दिया है। राशिद खान की अगुआई वाली इस टीम ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया है। दोनों टीमों के बीच वनडे में चार और टी20 में दो मुकाबले खेले गए हैं। वनडे में अफगानिस्तान की टीम ऑस्ट्रेलिया से कभी नहीं जीती है, लेकिन टी20 में दूसरे ही मैच में अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी। - देखें खेल पेज

### 10 खिलाड़ी नहीं छू सके 15 रन का आंकड़ा

ऑस्ट्रेलिया के लिए मैक्सवेल के अलावा कोई खिलाड़ी 15 का आंकड़ा भी नहीं छू सका। ट्रेविस हेड (0), डेविड वॉर्नर (3), कप्तान मिचेल मार्श (12), मार्कस स्टोइनिस (11), टिम डेविड (2), मैथ्यू वेड (5), पैट कमिंस (3), एश्टन एगर (2) और एडम जैम्पा (9) कुछ खास नहीं कर सके।

**भारी बारिश से बिगड़े हालात**

## अरुणाचल में बादल फटने के बाद बाढ़ और भूस्खलन कई घर तबाह!

एजेंसी ▶▶| ईटानगर

रमानसून के आगमन के बाद अब कुछ राज्यों में बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में रविवार सुबह बादल फटने से कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रदेश में पिछले कुछ हफ्तों से भारी बारिश हो रही है लेकिन पिछले दो दिनों में स्थिति में सुधार हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को बारिश का कोई पूर्वानुमान नहीं किया गया था।



### 3 जुलाई तक देश में छा जाएगा मानसून

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान में कहा है कि 3 जुलाई तक मानसून पूरे देश में फिर से बढ़ने लग जाएगा और उत्तर-पश्चिम भारत में बरसने लगेगा। इसमें दिल्ली से लेकर हरियाणा और पंजाब तक शामिल हैं। बता दें कि 11 जून के बाद मानसून की रफ्तार धीमी हो गई थी और इसके बाद गुरुवार तक यह भारत के कुछ हिस्सों में ही थोड़ा आगे बढ़ा था।

**पुत्र की याचिका डीबी ने खारिज की, कड़ी फटकार भी लगाई**

## बेटा बोला- मां की देखभाल नहीं कर सकता, हाईकोर्ट ने कहा-यह नैतिक और कानूनी दायित्व, इससे नहीं बच सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

हाईकोर्ट ने पिता की मौत के बाद एसईसीएल में अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले पुत्र द्वारा अपने नैतिक व कानूनी दायित्व का उल्लंघन करने पर जमकर फटकार लगाई है। मृतक पिता के आश्रितों का देखभाल बंद करने वाले पुत्र की अपील खारिज कर दस हजार रुपए प्रति माह देने का आदेश दिया गया है। कोर्ट ने भुगतान करने में चूक करने पर एसईसीएल प्रबंधन को पुत्र के वेतन से कटौती कर सीधे मृतक की आश्रित मां के खाते में जमा कराने का निर्देश भी दिया है। कोरबा क्षेत्र में रहने वाली महिला का पति एसईसीएल दीपका में कर्मचारी था। सेवाकाल के ▶▶| शेष पेज 2 पर



### एसईसीएल को भी बनाया गया था पक्षकार

मां ने एसईसीएल की नीति के अनुसार उसके वेतन से कटौती कर 20 हजार रुपए प्रति माह दिलाए जाने याचिका पेश की। मामले में एसईसीएल को भी पक्षकार बनाया गया। एसईसीएल ने जवाब में कहा कि नीति के अनुसार सहमति का ▶▶| शेष पेज 2 पर

### कोर्ट ने कहा- मां की देखभाल करनी होगी

हाईकोर्ट की एकल पीठ के निर्णय के खिलाफ बड़े बेटे ने डीबी में अपील पेश की। अपील में उसने कहा कि उसका कुल वेतन 79 हजार नहीं बल्कि 47 हजार रुपए हैं, इसमें भी ईएमआई कट रहा है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डीबी ने कहा कि मां की सहमति से बड़े बेटे को नियुक्ति मिली है और पूर्व में 10 हजार रुपए देने की कोर्ट में भी पुत्र ने सहमति दी थी। इसलिए तय की हुई राशि हर महीने मां के खाते में भुगतान करनी ही होगी। इस आदेश के साथ कोर्ट ने पुत्र की अपील को खारिज कर दिया है।




रायपुर
सोमवार, 24 जून 2024
आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वितीया
वर्ष : 22, अंक : 336
पृष्ठ : 10+4+4 = 18, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 31.6
न्यून. 25.7

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# महालेखाकार ने पकड़ी 660 करोड़ की गड़बड़ी, बिना डिमांड हेल्थ सेंटरों में उपकरणों, केमिकल की सप्लाई, 2 को हाईलेबल मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


छत्तीसगढ़ राज्य मेडिकल सर्विसेज एवं कारपोरेशन यानी दवा निगम अपने काम और कारनामों की वजह से हमेशा चर्चा में रहता है। ऐसा ही कारनामा कारपोरेशन ने कर किया है। दवा निगम ने बिना डिमांड के 660 करोड़ रुपए के केमिकल जिसे रीएजेंट भी कहा जाता है और उपकरण सप्लाई कर दिए। महालेखाकार ने अपनी ▶▶|शेष पेज 2 पर

- हेल्थ डायरेक्टर, एमडी एनएचएम, एमडी सीजीएमएससी की बुलाई गई बैठक
- बिना बजट के कंपनी को फायदा पहुंचाया गया अब जांच आगे बढ़ेगी

## बिना डिमांड कर हुई सप्लाई

इन सामाग्रियों की सप्लाई के पहले विभागीय अधिकारियों द्वारा इस बात की जानकारी भी नहीं ली गई कि ऐसे स्वास्थ्य केंद्रों में इसकी जरूरत है अथवा नहीं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से डिमांड भी नहीं आई। महालेखाकार ने इस मामले मे अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा ▶▶|शेष पेज 2 पर

अलग खबर






## हेल्थ सेंटरों में सप्लाई

1. एडिनोसिन डीएम इमेज- इस तरह के रीएजेंट का उपगोग लिवर फंक्शन की जांच में होता है।
2. मैग्नीशियम सीरम- इसका उपयोग आईसीयू में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए किया जाता है।
3. पेट, किडनी से संबंधित जांच सुपर स्पेशलिटी चिकित्सकों द्वारा की जाती है।
4. कार्डियक मार्कर- हार्ट अटैक की स्थिति जांचने के लिए उसका उपयोग होता है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हार्ट लीवर जैसी जांच के केमिकल




## 2 जुलाई को बैठक

इस मामले में सीजीएमएससी के एमडी पद्‌मिनी भोई ने बताया कि 2 जुलाई को बुलाई गई बैठक रूटीन है। मांगी गई जानकारियों के साथ वे बैठक में शामिल होंगी। ऑडिट का काम हर साल होता है। आडिट में जो बातें सामने आती हैं उन पर चर्चा की जाएगी।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### मणिपुर में सशस्त्र सदस्यों के बीच फिर गोलीबारी



**इंफाल।** मणिपुर में दो संघर्षरत समुदाय के सशस्त्र सदस्यों के बीच फिर से गोलीबारी हुई है। यह घटना उस वक्त हुई जब कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे पड़ोसी कांगपोकपी जिले में पर्वतीय क्षेत्रों से इंफाल पूर्व जिले के थामनापोकपी और लामलाई इलाकों की ओर गोलियां चलानी शुरू कीं।

### ट्रक से टक्कर से एंबुलेंस में आग, चार घायल



**बालासोर।** बालासोर जिले में ट्रक से टक्कर होने के बाद एक एम्बुलेंस में आग लग गई, जिससे चार लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ, जब एंबुलेंस एक मरीज को बस्ता से बालासोर जिला अस्पताल ले जा रही थी। एंबुलेंस की पीछे से आ रहे एक कंटेनर ट्रक से टक्कर हो गई।

### बस के पेड़ से टकराने से 25 घायल



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में रविवार को एक ट्रक से टक्कर से बचने की कोशिश में राज्य परिवहन की एक बस के पेड़ से टकरा जाने से कम से कम 25 यात्री घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना दौंड तहसील के यवत के पास सहजपुर गांव में उस समय हुई, जब बस सोलापुर जिले में पंढरपुर से मुंबई जा रही थी।

### वरिष्ठ पत्रकार मुरलीधर का निधन



**नई दिल्ली।** 'द हिंदू' अखबार के लिए कई दशकों तक काम करने वाले वरिष्ठ पत्रकार बी. मुरलीधर रेड्डी का निधन हो गया। वह 64 वर्ष के थे। रेड्डी का बीमारी के कारण शनिवार रात दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी व 'पीटीआई की पूर्व पत्रकार अपर्णा श्रीवास्तव और बेटा मनन हैं।

### सेना के अस्पताल में कैंसर, हड्डी रोग केंद्र

**नई दिल्ली।** सेना के अत्याधुनिक अस्पताल (अनुसंधान एवं रेफरल) ने कैंसर विज्ञान, नेत्र विज्ञान और हड्डी रोग विज्ञान के लिए तीन नए चिकित्सा केंद्रों के साथ विस्तार की शुरुआत की है। सेना के इस अस्पताल के विशाल परिसर में यह केंद्र शुरू होने की संभावना है। कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अजित नीलकंठन ने कहा कि 1200 बिस्तरों की सुविधा वाला यह अस्पताल एक 'चतुर्थक' सुविधा है।

ग्रेस मार्क्स पाने वाले छात्रों के लिए फिर से आयोजित की गई नीट-यूजी

# नीट मामले में सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर जांच करने बिहार पहुंची केंद्रीय टीम पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/पटना

- केंद्रीय एजेंसी ने जांच का जिम्मा संभालते ही शुरू की कार्रवाई
- 4750 केंद्रों पर करीब 24 लाख अभ्यर्थियों ने लिया था भाग

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश के बाद मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं की जांच रविवार को सीबीआई ने अपने हाथ में ले ली। देशव्यापी विरोध प्रदर्शन और मुकदमेबाजी के बीच सीबीआई ने भादंसं की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) और 420 (धोखाधड़ी) समेत अन्य धाराओं के तहत नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की। इधर, बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने पांच और लोगों को गिरफ्तार किया, जिसके साथ ही कथित पेपर लीक मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर 18 हो गई है। एनटीए ने कदाचार का पता चलने के बाद 17 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया।

सुप्रीम कोर्ट में मामला पहुंचने के बाद जिन 1,563 छात्रों कृपांक (ग्रेस मार्क्स) रद्द कर दिए गए थे, उनके लिए रविवार को दोबारा परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें उनमें से केवल 813 परीक्षार्थी शामिल हुए। बिहार और गुजरात सरकार ने भी रविवार को नीट-यूजी पेपर लीक के मामलों को सीबीआई को स्थानांतरित करने के लिए एक अधिसूचना जारी की, जिससे केंद्रीय एजेंसी के लिए जांच का मार्ग प्रशस्त हो गया। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने शनिवार को शिक्षा मंत्रालय को एक रिपोर्ट सौंपी थी जिसके बाद व्यापक जांच के लिए जांच सीबीआई को सौंप दी गई थी। ईओयू ने रविवार देर शाम पटना में जारी एक बयान में कहा कि गिरफ्तार किए गए पांचों लोगों को शनिवार को झारखंड के देवघर से हिरासत में लिया गया था।

## बिहार पुलिस कराएगी नार्को टेस्ट

*नीट पेपर लीक मामले में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं। केंद्र सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को एक दिन पहले सौंप दी थी। इस मामले में केंद्रीय एजेंसी ने रविवार को पहली एफआईआर दर्ज की है। इस बीच, बिहार पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का नार्को टेस्ट कराएगी। इधर, बिहार-झारखंड के बाद अब महाराष्ट्र से भी इस मामले के तार जुड़ गए हैं।*

### कांग्रेस ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एनटीए की नौकरशाही में फेरबदल को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर रविवार को निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इसकी जिम्मेदारी दूसरों पर डालने के बजाय सरकार के शीर्ष नेतृत्व को खुद लेनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि एनटीए को एक स्वायत्त निकाय बताया गया लेकिन असल में इसे भाजपा और आरएसएस के 'कुटिल हितों' को पूरा करने के लिए बनाया गया। उन्होंने 'एक्स' में एक पोस्ट में कहा, नीट घोटाले की जिम्मेदारी मोदी सरकार के शीर्ष नेतृत्व को लेनी चाहिए।



### ग्रामीणों ने बोला हमला

सीबीआई टीम बिहार के नवादा जिले के कसियाडीह गांव पहुंची थी और यहां पर ग्रामीणों ने उन पर हमला बोल दिया। जैसे ही पुलिस को सूचना मिली, तुरंत वह मौके पर पहुंच गई और सीबीआई के चार अधिकारियों को सुरक्षित निकाला गया। पुलिस ने 200 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### महाराष्ट्र के दो अध्यापकों से पूछताछ

नीट पेपर लीक का कनेक्शन महाराष्ट्र में भी मिला है। पुलिस ने दो अध्यापकों से पेपर लीक मामले में पूछताछ की है। जिन अध्यापकों से पूछताछ हुई है, उन्हें नांदेड़ की आंतकरोधी स्कवॉड ने शक के आधार पर पकड़ा। पुलिस को शक है कि ये दोनों अध्यापक नीट पेपर लीक मामले में शामिल हो सकते हैं। दोनों महाराष्ट्र के जिला परिषद स्कूलों में पढ़ाते हैं। साथ ही दोनों लातूर में निजी कोचिंग सेंटर भी संचालित करते हैं। पुलिस ने दोनों से कई घंटे तक पूछताछ की और फिर जाने दिया। पुलिस ने दोनों को जरूरत पड़ने पर फिर से पूछताछ के लिए पेश होने का भी निर्देश दिया है। देश में इन दिनों नीट और यूजीसी नेट परीक्षाओं को लेकर हंगामा चल रहा है और केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जांच की जा रही है।

### पटना-गुजरात के एफआईआर की होगी जांच

सीबीआई अब पटना और गुजरात पुलिस से एफआईआर की कॉपी और केस डायरी लेकर मामले की जांच करेगी। सीबीआई ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया है। राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-अंडरग्रेजुएट में सामने आई कथित अनियमितताओं, धोखाधड़ी, चीटिंग की जांच सीबीआई को शनिवार रात को ही सौंपी गई है। सूत्र कहते हैं कि सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के 'रेफरेंस' पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया है।

## बालोद में 185 में से 155 और दंतेवाड़ा में 417 में से 176 ने ही दिलाई परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के भी उन जिलों में नीट यूजी दोबारा आयोजित की गई, जहां गड़बड़ी हुई थी। इसमें बालोद जिले का दल्ली राजहरा और दंतेवाड़ा शामिल है। यहां छात्रों को गलती से गलत प्रश्नपत्र बांट दिए गए थे। छत्तीसगढ़ के 609 बच्चों के लिए दोबारा नीट रखी गई, लेकिन इसमें उपस्थिति अत्यंत कम रही। गौरतलब है कि बालोद के कन्या शाला शासकीय विद्यालय में बने नीट के एग्जाम सेंटर में स्टूडेंट्स को दो अलग-अलग प्रश्न पत्र दे दिए गए थे। जिससे छात्रों के बीच असमंजस की स्थिति बन गई थी। 40 मिनट बर्बाद होने के बाद छात्रों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस बार डीएवी स्कूल में केंद्र बनाया गया। यहां 185 में से 115 छात्र ही शामिल हुए।

वहीं दंतेवाड़ा जिले में 417 में से मात्र 176 छात्रों ने ही दोबारा नीट दिलाया। जावंगा एजुकेशन सिटी के कन्या हायर सेकंडरी स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया। दोपहर 2 बजे से एग्जाम शुरू हुआ जो शाम 5:30 बजे तक चला। दोनों ही केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पुलिस बल भी तैनात रही। शासन-प्रशासन की उपस्थिति में प्रश्नपत्र खोले गए।

### देश में 1563 में से 750 छात्र नहीं पहुंचे

इधर, नीट-पीजी पेपर लीक होने के बाद नीट रिजल्ट में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 छात्रों के लिए 23 जून को रीएग्जाम आयोजित हुआ था। री-एग्जाम में देश के सिर्फ 813 अभ्यर्थी ही शामिल हुए। सामने आए आंकड़ों की मानें तो महज 52फीसदी अभ्यर्थियों ने नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा दी। कई सेंटर ऐसे भी रहे जहां अभ्यर्थियों की संख्या बिल्कुल ही कम रही। चंडीगढ़ में बने सेंटर पर दो अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी, लेकिन दोनों ही इस परीक्षा में नदारद रहे।

एकता पैनल का तीन पदों पर एकतरफा कब्जा

# कमल बने छग सराफा के अध्यक्ष, प्रकाश महासचिव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के तीन दशक के इतिहास में पहली बार राजधानी रायपुर में बैलेट पेपर से चुनाव हुआ। इसमें पहले निर्वाचित अध्यक्ष बिलासपुर के कमल सोनी 65 मतों से जीते। इसी के साथ महासचिव के पद पर रायपुर के प्रकाश गोलछा महज एक वोट और कोषाध्यक्ष पद पर हर्षवर्धन जैन 8 मतों से जीते। बिलासपुर और रायपुर के एकता पैनल ने तीनों ▶▶|शेष पेज 2 पर

- महासचिव पद पर प्रकाश गोलछा एक वोट और कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन 8 मतों से जीते

### एकता पैनल का कब्जा

मतगणना के बाद देर शाम को जब नतीजे घोषित किए गए तो इसमें एकता पैनल का एकतरफा कब्जा हो गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मगेलाल मालू ने बताया बिलासपुर के कमल सोनी ने दुर्ग के प्रकाश सांखला को मात दी। कमल सोनी को 163 और प्रकाश सांखला को 98 मत मिले। श्री सोनी 65 वोटों से जीते। महासचिव पद के लिए कांटे का मुकाबला हुआ, इसमें रायपुर के प्रकाश गोलछा को महज एक वोट से जीत मिली। प्रकाश गोलछा को 130 और उत्तम गोलछा को 129 मत मिले। इसी तरह से कोषाध्यक्ष पद के लिए भी कड़ा मुकाबला हुआ। इसमें बिलासपुर के हर्षवर्धन जैन को 134 और रायपुर के सुरेश भंसाली को 126 वोट मिले। श्री जैन 8 मतों से जीते। जीत के साथ एकता पैनल से जमकर जश्न मनाया।

### पांच चक्रों में गिनती

सुबह 10.30 से शाम को 4.30 बजे तक मतदान हुआ। इसके दो घंटे बाद मतों की गिनती प्रारंभ हुई। मतों की गिनती पांच चक्रों में हुई। एक-एक चक्र में 50-50 मतदाताओं की गिनती की गई। गिनती के समय दोनों पैनलों के समर्थक भारी संख्या में मतगणना स्थल पर डटे हुए थे। एक-एक चक्र के परिणाम के बाद समर्थकों में उत्साह और निराशा का भाव देखा जा रहा था।

# जहरीली शराब से 56 मौतें सीतारमण ने पूछा- कहां हैं राहुल और खरगे?

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 56 लोगों की मौत के बाद देशभर में हलचल मच गई। इस मामले में केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पर कटाक्ष किया है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर कांग्रेस के नेता मलिल्कार्जुन खरगे और राहुल गांधी कहां हैं? केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर एक शब्द भी नहीं कहा। राहुल गांधी ने मौन साधा हुआ है।

- केंद्रीय मंत्रियों ने कांग्रेस पर किया वार

### 216 में अब तक 56 की मौत

19 जून को तमिलनाडु के कल्लकुर्ची शहर में जहरीली शराब पीने के बाद मरने वालों की संख्या 56 पहुंच चुकी है। पुलिस का कहना है कि जहरीली शराब पीने से बीमार हुए 216 को तमिलनाडु के चार अस्पतालों में भर्ती किया गया था। इसमें पुडुचेरी में 3 मरीज को मृत घोषित किया गया।

# फिर चमकने लगा बलौदाबाजार कलेक्टोरेट


12 दिन पहले की तस्वीर


वर्तमान की तस्वीर

- बलौदाबाजार में रेस्टोरेशन का कार्य पूरा हुआ
- 12 दिन में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ हुआ काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संयुक्त जिला कार्यालय में तेज गति से चल रहे रेस्टोरेशन कार्य आज पूर्ण हो गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कलेक्टर ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ व्यापक कार्य योजना बनाकर इसे अंजाम दिया है। जिसके फलस्वरूप बारह दिनों में ही कम्पोजिट बिल्डिंग अपने पुराने स्वरूप में दिखाई देने लगी है। गौरतलब है कि 10 जून को उपद्रवी तत्वों द्वारा लगाई गयी आग से कम्पोजिट बिल्डिंग का बाहरी हिस्सा व साज-सज्जा सहित विद्युत लाइन फर्नीचर व दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए थे, लेकिन कलेक्टर के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग तथा नगरपालिका के कर्मचारियों ने लगातार 24 घंटे कार्य कर इसे अल्प समय में पूर्ण किया है। इस ▶▶|शेष पेज 2 पर

### अलग सी चमक दिखाई दे रही

रेस्टोरेशन के कार्य पूर्ण होने से कार्यालय में अलग सी चमक दिखाई दे रही है। रेस्टोरेशन कार्य के तहत निर्माण कार्य, पैराफिट, जली हुई एपीसी बोर्ड को हटाना, नया रेलिंग लगाना, पुट्टी के संग रंग रोगन, सीसीटीवी, ब्रांडबैंड, कांच बदलना, एसी पखें लगाना, लाइटिंग जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्य किए गए है।

हर जिले में मेडिकल बोर्ड का होगा गठन

# गर्भपात के लिए अब नहीं काटने होंगे कोर्ट के चक्कर

अतुल अग्रवाल ▶▶| भिलाई


*राज्य शासन का बड़ा फैसला, अधिसूचना जारी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्ट या सोनोलॉजिस्ट, केस में जरूरी होने पर अन्य सदस्य होंगे बोर्ड मेंबर*

गर्भपात को लेकर 2021 में हुए संशोधन के बाद अब एक और बड़ा निर्णय लिया गया है। गर्भपात के केस में प्रदेश के सभी 33 जिलों में मेंडिकल बोर्ड का गठन किया जाएगा। ये मेडिकल बोर्ड 24 हफ्ते से ज्यादा पुराने केसों की स्टडी करने के बाद उनमें गर्भपात की अनुमति प्रदान करेगा। इससे जरूरी केसों में महिलाओं को अब कोर्ट के चक्कर नहीं ▶▶|शेष पेज 2 पर

खास खबर

### मेडिकल बोर्ड में ये होंगे सदस्य

छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाएगा। नियम और शर्तें शासन द्वारा निर्धारित की गई हैं। इसमें स्पष्ट किया गया है कि मेडिकल बोर्ड की शक्तियां गर्भ का चिकित्सकीय समापन (संशोधन) नियम 2021 नियम के 3 क के अंतर्गत निहित हैं। आदेश में यह कहा गया है कि बोर्ड मेंबर्स में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, ▶▶|शेष पेज 2 पर



### शासन ने अधिसूचना जारी की, जल्द सदस्य तय होंगे

छत्तीसगढ़ शासन ने अधिसूचना जारी कर दी है। प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाना है। 24 हफ्ते से ज्यादा के गर्भपात के केसों की स्टडी के आधार पर बोर्ड निर्णय लेगा। फिलहाल ऐसे मामलों में महिलाओं को कोर्ट के चक्कर काटने पड़ रहे थे। उन्हें इससे राहत मिलेगी।

- डॉ. अर्चना चौहान, नोडल अधिकारी आरसीएच हेल्थ विभाग दुर्ग

## चार जिलों में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल बलराम प्रसाद वर्मा ने चीफ जस्टिस के निर्देश पर न्यायाधीशों के तबादला आदेश जारी किए हैं। इसमें हाईकोर्ट स्थापना के जज को भी स्थानातंरित कर दिया गया है। आदेश के तहत प्रज्ञा पचौरी को दुर्ग जिले का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। जितेंद्र कुमार को रायगढ़ जिले का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पद पर पदस्थ किया गया है। इसी तरह मोहम्मद रिजवान खान को कोरिया जिले का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के साथ श्यामलाल लाल नवरतन को बालोद जिले का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

# इसरो ने फिर रचा इतिहास : आरएलवी 'पुष्पक' की लगातार तीसरी सफल लैंडिंग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज रविवार को एकबार फिर कामयाबी की कहानी लिखी। इसरो ने लगातार तीसरी बार रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल (आरएलवी) पुष्पक की लैंडिंग एक्सपेरिमेंट (एलईएक्स) में सफलता हासिल की।

*भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर से इतिहास रच दिया है और दिखा दिया है कि भारत की वैज्ञानिक क्षमता में कितनी ताकत है और इसरो क्या क्या कर सकता है।*




## इसरो की ऐतिहासिक कामयाबी

*इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा है, कि "पुष्पक ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में एडवांस ऑटोनॉमस क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए सटीक क्षैतिज लैंडिंग की है। आरएलवी लेक्स के उद्देश्यों को पूरा करने के साथ, इसरो ने ऑर्बिटल रीयूजेबल व्हीकल आरएलवी-ओआरवी में प्रवेश किया। करफड ने कहा है, कि ये लैंडिंग काफी तेज हवालों के बीच करवाई गई है और लैंडिंग से पहले मुश्किल वातावरण का निर्माण किया गया था, ताकि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में इस क्षमता का परीक्षण किया जा सके।*

## [ एक बार फिर 'पुष्पक' ने मारी हैट्रिक ]



## कर्नाटक के चित्रदुर्ग में हुआ सफल परीक्षण

कर्नाटक के चित्रदुर्ग में रविवार सुबह 07:10 बजे लैंडिंग एक्सपेरिमेंट के तीसरे और फाइनल टेस्ट को अंजाम दिया गया। चित्रदुर्ग के एरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में पुष्पक को इंडियन एयरफोर्स के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किमी की ऊंचाई तक ले जाया गया और रनवे पर ऑटोनॉमस लैंडिंग के लिए छोड़ा गया। पुष्पक ने क्रॉस रेंज करेक्शन मनुवर को एग्जीक्यूट करते हुए होरिजोंटल लैंडिंग को सटीकता से अंजाम दिया। उल्लेखनीय है कि पहला लैंडिंग एक्सपेरिमेंट 2 अप्रैल 2023 और दूसरा 22 मार्च 2024 को किया गया था।

## जैकेट के शेष

### टेस्ट ट्यूब सेंटर पर ....

लौट आएगा। उनकी दो बेटियां हैं। पत्नी उषा सिंह के लगातार आग्रह पर 27 अक्टूबर 2022 को आईवीएफ के जरिए ट्रीटमेंट प्रारंभ हुआ लेकिन 6 सप्ताह के बाद 8 दिसबंर 2022 गर्भपात हो गया। वजह शारीरिक अस्वस्थता बताई गई। हास्पिटल ने दूसरी बार फिर से 24 अप्रैल 2023 को प्रक्रिया प्रारंभ की। पेशेंट आईडी 27824 दी गई। वे प्रक्रिया प्रारंभ करने के बाद बचेली, बस्तर चले गए और नियमित जांचें कराते रहे। दिसंबर 2023 को तबियत बिगड़ने पर रायपुर पहुंचे और पहलाजानी टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर, माता लक्ष्मी नर्सिंग होम अनुपम नगर में भर्ती कराया। अशोक सिंह का कहना है कि उषा सिंह को डाक्टर ऑपरेशन थियेटर ले गए। कुछ समय बाद जब उसे बाहर निकाला गया तो उसे बताया कि उनके घर एक बेटा और एक बेटी ने जन्म लिया है। कुछ समय बाद अस्पताल स्टाफ ने मां को जुड़वां बच्ची लाकर सौंपीं। पति-पत्नी ने जब बेटा होने के बारे में पूछा तो अस्पताल स्टाफ ने इसे सिरे से नकार दिया।

**संदेह के बाद कराया डीएनए टेस्ट, एक बच्ची से मैच नहीं** : अशोक का कहना है कि उन्हें संदेह हुआ परिचितों से सलाह ली। संदेह बड़ा तो अशोक सिंह ने डीएनए टेस्ट का फैसला लिया। एक लैब से संपर्क किया। उनकी वैन पहलाजानी टेस्ट ट्यूब सेंटर परिसर में आई।वे बच्चों को लेकर नीचे गए और वैन में ही दोनों बच्चियों का सेंपल लिया गया। उसके बाद वे अस्पताल लौट आए। अशोक का कहना है कि एक बच्ची की रिपोर्ट 90 प्रतिशत मिली मगर दूसरे की मैचिंग जीरो परसेंट आई है। इसका अर्थ है कि एक बच्ची का डीएनए अशोक से मैच नहीं करता। इस मामले में उन्होंने टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के डाक्टरों को चुनौती दी तो उन्होंने किसी तरह का संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसके बाद इस मामले की शिकायत थाने में की।

### नक्सलियों ने जवानों ...

था। मूवमेंट के दौरान 23 जून के लगभग 3 बजे आईईडी की चपेट में आने से 201 कोबरा वाहिनी का एक ट्रक में सवार चालक एवं सहचालक जवान मौके पर शहीद हो गए। बाकी सभी जवान सुरक्षित हैं। विष्णु आर एवं शैलेन्द्र जवान शहीद हुए हैं। उनके पार्थिव शरीर को जिला मुख्यालय लाया गया। **नक्सली बैकफुट पर** : सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने कहा कि घटना के बाद से इलाके में सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है। बस्तर में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान से लगातार नक्सली दबाव में हैं। बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान से माओवादियों में खौफ का माहौल है। बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर भी कर रहे हैं। लगातार बस्तर में चलाए जा रहे अभियान से परेशान नक्सली बौखलाहट में इस तरह की कायराना करतूतों को अंजाम दे रहे हैं।

### मवेशी का सिर ....

पुलिस के अनुसार दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र के पटेल चौक की सड़क पर एक मवेशी का कटा सिर मिला। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ता कोतवाली थाना पहुंच गए। बजरंगियों की मांग थी कि मवेशी के साथ इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले को जल्द से जल्द खोजकर उसके खिलाफ अपराध कायम किया जाए। थाने परिसर में मवेशी का सिर रखकर बजरंगियों द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है, इसकी जानकारी लगते ही एएसपी, सीएसपी, डीएसपी समेत पुलिस बल कोतवाली थाना पहुंच गए।

### बेटा बोला- मां की ....

दौरान पति की मौत होने पर उसने अपने बड़े पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति देने सहमति दी। एसईसीएल की नीति के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति पाने वाला मृतक के आश्रितों का देखभाल करेगा, यदि वह अपने नैतिक व कानूनी दायित्व का उल्लंघन करता है, तो उसके वेतन से 50 प्रतिशत राशि काट कर आश्रितों के खाते में राशि जमा किया जाएगा। इस मामले में अनुकंपा नियुक्ति पाने के बाद कुछ दिनों तक बड़ा बेटा अपनी मां व भाई का देखभाल करता रहा। 2022 से उसने मां व छोटे भाई को छोड़ दिया।

### एसईसीएल को भी ....

उल्लंघन करने पर 50 प्रतिशत राशि काट कर मृतक के आश्रितों के खाता में जमा किया जाना है। एसईसीएल के जवाब पर उत्तरवादी पुत्र ने कहा कि याचिकाकर्ता मां को 5500 रुपए पेंशन मिल रहा है, इसके अलावा मृतक की सेवानिवृत्त देयक राशि है, इससे वह अपना देखभाल कर सकती है। इसके साथ उत्तरवादी पुत्र ने 10 हजार रुपए प्रतिमाह देने कोर्ट में सहमति दी। सहमति देने पर एकल पीठ ने 10 हजार रुपए हर माह देने था भुगतान में चूक करने पर एसईसीएल को उसके वेतन से काट कर मां के खाता में जमा कराने का निर्देश दिया।

# यमन के हूती विद्रोहियों का लाल सागर में अटैक जहाज को किया क्षतिग्रस्त

एजेंसी ▸▸ दुबई

यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को लाल सागर में एक जहाज पर ड्रोन से हमला कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में किया गया यह नवीनतम हमला है। यह हमला ऐसे समय में किया गया है जब अमेरिका ने लाल सागर में आठ महीने तक तैनात रखने के बाद अपने युद्ध पोत 'यूएसएस ड्वाइट डी. आइजनहावर' को वापस बुला लिया है। हूती विद्रोहियों द्वारा किए गए इन हमलों के कारण एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोपीय बाजारों तक समुद्र के रास्ते वस्तुओं की आपूर्ति करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हूतियों का कहना है कि गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच युद्ध जारी रहने तक वे हमले करना जारी रखेंगे।

**यहां पर हुआ हमला** : ब्रिटेन की सेना के 'यूनाइटेड किंगडम मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर' ने बताया कि ड्रोन हमला विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा के तट पर तड़के हुआ था। इसने कहा कि ड्रोन हमले से जहाज क्षतिग्रस्त हो गया है, हालांकि उसपर सवार नाविक सुरक्षित हैं। निजी सुरक्षा फर्म एम्ब्रे ने बताया कि यह एक कंटेनर जहाज था और इस पर लाइबेरिया का झंडा लगा था। उसने बताया कि जहाज चीन की ओर जा रहा था। हूती ने इस हमले की अभी तक जिम्मेदारी नहीं ली है।

# यूएई की यात्रा पर जयशंकर मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



पिछले साल उज्बेकिस्तान में हुआ था एससीओ शिखर सम्मेलन। (फाइल फोटो)

विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इसी के तहत उन्होंने अबू धाबी में भारत द्वारा बनाए गए बीएपीएस मंदिर का दौरा किया। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आज अबू धाबी में बीएपीएस हिन्दू मंदिर का दौरा करके धन्य हो गया। यह भारत-यूएई का एक प्रत्यक्ष प्रतीक है, तथा विश्व को एक सकारात्मक संदेश देता है। इसके अलावा यह दोनों देशों के बीच एक सच्चा सांस्कृतिक सेतु है। वहीं, विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूएई की इस यात्रा में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों के बीच द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा होगी। इसके साथ ही दोनों गाजा की समूची स्थिति पर भी विचार-विमर्श कर सकते हैं। एस.जयशंकर की यह यात्रा उन्हें दोनों देशों के बीच स्थापित व्यापक सामरिक भागीदारी की समीक्षा करने का भी एक अवसर प्रदान करेगी। दोनों पक्ष क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर भी वार्ता के दौरान चर्चा करेंगे। भारत- यूएई के बीच 2022 में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। एफडीआई के मामले में निवेश को लेकर यूएई भारत के शीर्ष चौर बड़े भागीदारों में शामिल है।

**यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रज्जवल का है भाई**

# सूरज रेवन्ना पार्टी कार्यकर्ता से दुराचार के आरोप में गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ हासन (कर्नाटक)



जनता दल (सेक्युलर) के विधानपरिषद सदस्य सूरज रेवन्ना को पार्टी कार्यकर्ता से दुराचार करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पूलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूरज, पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के भाई हैं जिनपर कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप हैं। सूरज रेवन्ना के खिलाफ पार्टी के एक कार्यकर्ता के साथ दुराचार करने के आरोप में शनिवार को मामला दर्ज किया गया था। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तारी से पहले सूरज से यहां सीईएन पुलिस थाने में रातभर पूछताछ की गई। पुलिस में, 27 वर्षीय एक व्यक्ति ने यह शिकायत दी थी कि होलेनरसीपुरा के विधायक एच डी रेवन्ना के सबसे बड़े बेटे सूरज रेवन्ना ने 16 जून को घन्नीकाड़ा स्थित अपने फार्महाउस में उसके साथ दुराचार किया था।

## पेज एक के शेष

### महालेखाकार ने पकड़ी...

जांच में इसे गैर जरूरी बताकर जवाब मांगा है और लिखा है कि इतनी बड़ी राशि से खरीदे गए उपकरणों की सप्लाई राज्य के ऐसे साढ़े तीन सौ हेल्थ सेंटरों में की जिसकी वहां जरूरत नहीं थी और ना ही उसे सुरक्षित रखने के कोई बड़ा इंतजाम था। महालेखाकार द्वारा भेजे गए पत्र के बाद अपर मुख्य सचिव ने हेल्थ डायरेक्टर, एमडी एनएचएम और एमडी सीजीएमएससी को तलब किया है और 2 जुलाई को हाईलेबल मीटिंग बुलाई है। उल्लेखनीय है कि 2022-23 और 2023-24 में छत्तीसगढ़ राज्य मेडिकल सर्विसेस एवं कार्पोरेशन द्वारा उन उपकरणों और रीएजेंट की खरीदी के लिए बड़ी राशि खर्च की थी। इन सामानों की सप्लाई राज्य के 776 हेल्थ सेंटरों में किया गया था। महालेखाकार के ऑडिट में यह बात सामने आई थी कि चिकित्सकीय उपकरण ऐसे साढ़े तीन सौ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजे गए जहां उनकी जरूरत ही नहीं है, क्योंकि इससे संबंधित जांच करने के लिए वहां स्टाफ तैनात नहीं है। वहां बड़ी मात्रा में ऐसे रीएजेंट भी सप्लाई किए गए हैं जिनके रखरखाव के लिए वहां पर्याप्त इंतजाम भी नहीं है। इसकी वजह से करोड़ों रुपए कीमती इन चिकित्सकीय उपकरणों के बेकार पड़ रहने और खराब होने की आशंका भी जताई गई थी।

**हार्ट, लिवर की दवा पीएचसी में** : सूत्रों के अनुसार बड़ी गड़बड़ी को अंजाम देने के लिए राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हृदय रोग, लिवर, पेंक्रियांज के साथ अन्य तरह की गंभीर और बड़ी बीमारियों से संबंधित दवाओं की सप्लाई कर दी गई। इन बीमारियों के इलाज अथवा जांच की सुविधा पीएचसी में नहीं होती मगर गड़बड़ी को अंजाम देने के लिए इस पर ध्यान ही नहीं दिया गया। सप्लाई के बाद जब प्रदेशभर से शिकायतें हुईं तो मामले की जांच की गई।

**बाजार से पांच गुना कीमत पर खरीदी, भुगतान की तैयारी** : सूत्रों के अनुसार उपकरण और रीएजेंट जिस कंपनी से खरीदे गए वह छत्तीसगढ़ की है। उसने बाजार दर से पांच से दस गुना कीमत पर सप्लाई किए। बार बार आपत्ति किए जाने के बाद भी आर्डर हुए। आडिट आपत्ति के बाद अब विभाग उच्च स्तरीय बैठक करने जा रहा है। हालांकि कहा जा रहा है कि आपत्ति के बाद भी कंपनी पेमेंट के लिए दबाव बना रही है। लेकिन इस बीच महालेखाकार की आपत्ति के बाद पेंच फंस गया है।

### बिना डिमांड कर...

कि प्रकरण में ऑडिट की आवश्यकता है इसके लिए उनके द्वारा विभागीय अधिकारियों को सहयोग के लिए निर्देशित किया जाए। इस मामले में अपर मुख्य सचिव ने हेल्थ डायरेक्टर, एमडी एनएचएम तथा एमडी सीजीएमएससी की दो जुलाई को बैठक बुलाई है। अफसरों को इस मामले में तमाम दस्तावेज के साथ आने निर्देशित किया गया है।

### फिर चमकने लगा...

कार्य में मजदूरों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही परिसर की सफाई सहित क्षति ग्रस्त जिला पंचायत कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में भी शत-प्रतिशत रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण कर लिया गया।

### कमल बने छग...

पदों पर कब्जा किया। दुर्ग और रायपुर के जय सराफा पैनल के तीनों प्रत्याशी हार गए। प्रदेश के 91 एसोसिएशन के 273 मतदाताओं में से 263 ने अपने मतों का प्रयोग किया। दो साल के विलंब और लंबे विवाद के बाद अंततः रायपुर के मानस भवन में रविवार को सराफा एसोसिएशन का चुनाव हुआ। सुबह को बारिश के बाद भी प्रदेशभर के सराफा कारोबारी मानस भवन पहुंचे। यहां पर सुबह से ही एकता पैनल और जय पैनल के लोग अपने-अपने पंडाल लगाकर डटे हुए थे। इसी के साथ पुजारी पार्क के सामने सड़क पर दोनों पैनलों के लोगों ने अपने-अपने प्रत्याशियों के बैनर-पोस्टर लगाकर रखे थे। मतदान करने पहुंचने वालों से पैनल के लोग अपने-अपने प्रत्याशियों को समर्थन देने और मतदान करने की अपील कर रहे थे।

### गर्भपात के लिए अब...

लगाने पड़ेंगे। वर्तमान में गर्भ का चिकित्सकीय समापन संशोधन विधेयक 2021 लागू है। इसमें 24 हफ्ते तक के गर्भपात के लिए सामान्य मंजूरी की जरुरत होती है। इससे अधिक का गर्भ होने की स्थिति में महिलाओं को कोर्ट की शरण लेनी पड़ रही थी। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने मेडिकल बोर्ड के गठन को मंजूरी प्रदान की। इसमें भी दिक्कत यह सामने आई कि महिलाएं दूरस्थ अंचलों में रहती हैं, हर बार उनका मेडिकल बोर्ड में उपस्थित हो पाना संभव नहीं हो पाता। इसे देखते हुए जिला स्तर पर मेडिकल बोर्ड गठन का निर्णय लिया गया। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। **संशोधन विधेयक मार्च 2020 में लोकसभा में पारित** : जानकारी के मुताबिक संशोधन विधेयक मार्च 2020 में लोकसभा से पारित हुआ था। इससे पहले गर्भ का चिकित्सुकीय समापन अधिनियमए 1971 लागू था। इसके मुताबिक गर्भनिरोधक विधि या उपकरण की विफलता के मामले में एक विवाहित महिला द्वारा 20 सप्ताह तक के गर्भ को समाप्त किया जा सकता है। यह विधेयक अविवाहित महिलाओं को भी गर्भनिरोधक विधि या डिवाइस की विफलता के कारण गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देता है। गर्भ की समाप्ति के लिए एक पंजीकृत चिकित्सक की राय की आवश्यकता होगी। नए संशोधन में गर्भधारण के 20 से 24 सप्ताह तक के गर्भ की समाप्ति के लिए दो पंजीकृत चिकित्सकों की राय आवश्यक होगी। इसके बाद यानी 24 सप्ताह के बाद गर्भ की समाप्ति के लिए मेडिकल बोर्ड की राय आवश्यक होगी। **गर्भपात के लिए और भी नियम** : गर्भपात को लेकर और भी नियम तय हैं। इसमें 9 हफ्ते तक गर्भपात चिकित्सकीय परामर्श पर गर्भ निरोधक दवाओं के जरिए, 12 हफ्ते तक सर्जिकल एमटीपी और 20 हफ्ते तक चिकित्सकीय सलाह के आधार पर किए जा सकते हैं। बता दें कि लिंग जांच कानूनन जुर्म है। इसमें 3 साल तक की जेल और 10 हजार रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। दोबारा अपराध करने पर 5 साल तक की जेल और 50 हजार रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। कोई भी डॉक्टर या तकनीकी सहायक ऐसी जांच करता है, उसे 3 साल तक की जेल और 10 हजार रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

छत्तीसगढ़ और देश में प्रसव के दौरान मौतें (प्रति एक लाख में)

| वर्ष | छग | देश |
|---|---|---|
| 2001-03 | 379 | 301 |
| 2007-09 | 269 | 212 |
| 2010-12 | 230 | 178 |
| 2011-13 | 221 | 167 |
| 2014-16 | 173 | 130 |
| 2015-17 | 141 | 122 |
| 2016-18 | 159 | 113 |

नोट- हेल्थ विभाग ने 2023 में यह रिपोर्ट जारी की।

### मेडिकल बोर्ड में...

रेडियोलॉजिस्ट या सोनोलॉजिस्ट, केस में जरूरी होने पर अन्य सदस्य होंगे। स्थानीय कलेक्टर मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी और शासन की अनुशंसा पर इस बोर्ड के नाम तय करेंगे। इसके दायरे में अनाचार की शिकार और अन्य कमजोर महिलाएं जैसे दिव्यांग, नाबालिग आदि को शामिल किया गया है।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

CSPDCL

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, दन्तेवाड़ा**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी)

क्र. /12-13/विज्ञापन/649 दन्तेवाड़ा 22/06/2024

**आवश्यक सूचना**

सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि (संचा / संधा) संभाग दन्तेवाड़ा के अन्तर्गत निम्नलिखित 33/11 के. व्ही. फीडरों का मानसून पूर्व रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य करने हेतु निम्नानुसार दर्शाये गये क्षेत्र का विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगा ।

| क्र. | 33/11 के. व्ही. फीडर का नाम | तिथि | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 के.व्ही. शहर (एक) फीडर दन्तेवाड़ा | 27.06.2024 | प्रातः 08.00 से 01:00 बजे तक | दन्तेवाड़ा शहर (एक) फीडर में आने वाले सम्मानीय उपभोक्ता दन्तेवाड़ा - बाजारपारा, बसस्टैण्ड, ट्रायवल कालोनी, ब्लाक कालोनी, कैलाश नगर इत्यादि |
| 2 | 11 के.व्ही. शहर (दो) फीडर दन्तेवाड़ा | 28.06.2024 | प्रातः 08.00 से 01:00 बजे तक | दन्तेवाड़ा शहर (दो) फीडर में आने वाले सम्मानीय उपभोक्ता कलेक्टरेट, पुलिस अधिक्षक कार्यालय, जिला न्यायाधीश, जी.ए.डी. नया जी.ए.डी. कालोनी इत्यादि |
| 3 | 11 के.व्ही. शहर (तीन)) फीडर दन्तेवाड़ा | 26.06.2024 | प्रातः 08.00 से 01:00 बजे तक | दन्तेवाड़ा शहर (तीन) फीडर में आने वाले सम्मानीय उपभोक्ता रेस्ट हाउस, सुरभि कालोनी नगरपालिका वर्कशाप इत्यादि |
| 4 | 11 के.व्ही. बचेली शहर | 27.06.2024 | प्रातः 08.00 से 01:00 बजे तक | बचेली शहर फीडर में आने वाले सम्मानीय उपभोक्ता |
| 5 | 11 के.व्ही. किरन्दुल शहर (एक) | 28.06.2024 | प्रातः 08.00 से 01:00 बजे तक | किरन्दुल शहर (एक) फीडर में आने वाले सम्मानीय उपभोक्ता |
| 6 | 11 के.व्ही. किरन्दुल शहर (दो) | 28.06.2024 | प्रातः 08.00 से 01:00 बजे तक | किरन्दुल शहर (दो) फीडर में आने वाले सम्मानीय उपभोक्ता |
| 7 | 11 के.व्ही. गीदम शहर (एक) | 27.06.2024 | प्रातः 08.00 से 01:00 बजे तक | गीदम शहर (एक) फीडर में आने वाले सम्मानीय उपभोक्ता |
| 8 | 11 के.व्ही. गीदम शहर (दो) | 26.06.2024 | प्रातः 08.00 से 01:00 बजे तक | गीदम शहर (दो) फीडर में आने वाले सम्मानीय उपभोक्ता |
| 9 | 11 के.व्ही. टेकनार शहर (एक) | 28.06.2024 | प्रातः 08.00 से 01:00 बजे तक | टेकनार शहर (एक) फीडर में आने वाले सम्मानीय उपभोक्ता |
| 10 | 11 के.व्ही. चितालंका (कारली) | 28.06.2024 | प्रातः 08.00 से 01:00 बजे तक | चितालंका ( कारली ) फीडर में आने वाले सम्मानीय उपभोक्ता |

टीपः- आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।
असुविधा के लिए खेद है ।

**कार्यपालन अभियंता ( संचा/ संधा) संभाग**
**छ.स्टे.पो.डिस्ट्री.कं. लिमि., दन्तेवाड़ा**

## शब्द पहेली - 5551



**बाएँ से दाएँ**
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़पन्न-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

**शब्द पहेली -5550 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5562

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5561 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |


MARUTI SUZUKI ARENA
गर्मियों के शानदार ऑफ़र्स
गर्मियों के शानदार ऑफ़र्स बनाएंगे आपकी छुट्टियों को और खास!
महा बचत
WAGONR ₹58 500*
ALTO K10 ₹56 100*
S-PRESSO ₹61 100*
BREZZA ₹10 000*
DZIRE ₹35 000*
CELERIO ₹58 100*
EECO ₹28 100*
SCAN TO CHAT WITH US
WAGONR ALTO K10 S-PRESSO ERTIGA BREZZA SWIFT DZIRE CELERIO EECO
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
Black glass on the vehicle is due to lighting effect
SKY AUTOMOBILES
RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422,9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.
SPARSH AUTOMOBILES
RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9669800435, 9039632618. MAHASAMUND: CALL: 8319900585. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 8269428131. GARIYABAND: 8435119922. PITHORA: 8224949998. CHARODA: CALL: 9644824911. DURG: CALL: 6202384986. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. DONGARGARH: CALL: 9827643832. BHILAI: CALL: 9111107268, 9294603353. KHAIRAGARH- 9827643832.
VISHWABHARTI AUTOMOBILES
RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047. BASNA: 6262620031. ARANG: 6262620007/14.
HDN MOTORS
RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005. BAGBAHRA : 7909800034. KURUD: 7909800050. SIMGA: 7909800070.
CHOUHAN AUTOMOBILES
BHILAI: 7222910011, 22, 33. KAWARDHA: 7222910044. BEMETERA: 7222910025. BALOD: 7222910012. DALLIRAJHARA: 7222910029
*Terms & Conditions apply. Offers applicable on selected models. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Images used are for illustration purposes only.







अफगानिस्तान में जीत का जश्न



## टी20 विश्व कप : गुरबाज और जदरान ने की 118 रन की साझेदारी

# अफगानिस्तान ने किया सबसे बड़ा उलटफेर सुपर-8 में आस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया

एजेंसी ⏭ किंग्सटाउन

अफगानिस्तान ने गुलबदिन नायब के चार विकेट की मदद से टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के मैच में आस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीम को 21 रन से हराकर सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए अपने क्रिकेट इतिहास का एक और सुनहरा अध्याय लिख डाला। पैट कमिंस का लगातार दूसरी हैट्रिक लेने का कारनामा भी बेनूर हो गया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 148 रन बनाए और जवाब में आस्ट्रेलिया की टीम 19.2 ओवर में 127 रन पर आउट हो गई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अफगानिस्तान की आस्ट्रेलिया पर यह पहली जीत है। अफगानिस्तान के खिलाड़ी जीत के बाद खुशी से उछलते नजर आए और यही हाल उनके सहयोगी स्टाफ का भी था।

आस्ट्रेलिया को अब सोमवार को हर हालत में भारत को हराना होगा और यह दुआ करनी होगी कि अगले मैच में बांग्लादेश अफगानिस्तान को हरा दे। अफगानिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (60) और इब्राहिम जदरान (51) ने 118 रन की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रखी। कमिंस ने हालांकि लगातार दूसरे मैच में दो ओवरों में हैट्रिक पूरी करते हुए अफगानिस्तान को बड़ा स्कोर बनाने से रोका।



### तब मुंबई में नहीं सो सका था और अब यहां नहीं सो सकताः राशिद

ग्लेन मैक्सवेल के ऐतिहासिक दोहरे शतक ने राशिद खान को पिछले साल नवंबर में मुंबई में एकदिवसीय विश्व कप मैच के बाद सोने नहीं दिया था, लेकिन अफगानिस्तान के कप्तान ने टी20 विश्व कप में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद खुशी से पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं है। इस जीत से टीम मुंबई की कड़वी यादों पीछे छोड़ने की कोशिश करेगी। पिछले साल नवंबर में एकदिवसीय विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने 91 रन पर सात विकेट गंवाने के बाद जीत के लिए 292 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था। इस मैच में मैक्सवेल ने चोटिल होने के बावजूद 128 गेंद में 21 चौके और 10 छक्के की मदद से नाबाद 201 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। राशिद ने टी20 विश्व कप में उलटफेर करने के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि मैं अब अच्छे से सो पाउंगा। उस रात को मैं ठीक से सोने नहीं सका था। उस मैच की यादें हमेशा हमारे दिमाग में रहेगी। जाहिर है, मैं उस (सात नवंबर 2023) पूरी रात सो नहीं पाया था। लग रहा है कि आज भी ऐसा ही होगा। आज खुशी के मारे सो नहीं पाऊंगा। आज पूरी टीम खुश है। एक टीम, एक राष्ट्र के रूप में यह हमारे लिए एक बड़ी जीत है। यह सिर्फ द्विपक्षीय खेल जैसा नहीं है। यह विश्व कप का मैच है और निश्चित रूप से विश्व कप में आप सर्वश्रेष्ठ टीम को हरा रहे हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है। उनकी टीम 2021 विश्व कप के विजेता हैं।'

### बदला किया चुकता

*आस्ट्रेलिया के पावरप्ले में तीन विकेट 32 रन पर गिर गए थे लेकिन ग्लेन मैक्सवेल ने 41 गेंद में 59 रन बनाकर टीम को मैच में बनाए रखा। नायब ने गेंदबाजी का जौहर दिखाते हुए 2021 की चैंपियन टीम पर दबाव बना दिया। इसके साथ ही अफगानिस्तान ने पिछले साल वनडे विश्व कप में मुंबई में मिली हार का बदलाव भी चुकता कर दिया। उस समय मैक्सवेल ने अफगानिस्तान से जीत छीन ली थी और एक बार फिर वह ऐसा ही करते दिख रहे थे लेकिन नायब ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। इस मैच के बाद अब आस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान दोनों ने एक एक मैच जीता है जबकि भारत दोनों मैच जीतकर ग्रुप एक में शीर्ष पर है।*



### कमिंस की लगातार दूसरी हैट्रिक

*आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस टी20 विश्व कप में लगातार दो हैट्रिक लगाने वाले पहले गेंदबाज बन गए जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के मैच में यह कमाल किया। कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर राशिद खान को आउट किया। इसके बाद 20वें ओवर की पहली दो गेंदों पर करीम जनत और गुलबदिन नायब के विकेट लिए। कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में भी 18वें और 20वें ओवर में महमूदुल्लाह, मेहदी हसन और तौहीद हृदय के विकेट लिए थे।*

## खबर संक्षेप

### दबाव में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है ऑस्ट्रेलिया



**किंग्सटाउन।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श ने कहा कि उनकी टीम दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है तथा वह अफगानिस्तान से मिली हार से उबरकर भारत के खिलाफ सोमवार को होने वाले करो या मरो मैच में शानदार वापसी करेगी। ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप के सुपर 8 के मैच में अफगानिस्तान से 21 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया को अब भारत के खिलाफ सुपर 8 के अपने अंतिम मैच में न सिर्फ जीत दर्ज करनी होगी बल्कि अच्छा नेट रन रेट भी बनाए रखना होगा।

### ईंट का जवाब पत्थर से देना जरूरी : कुलदीप

**ग्रोस आइलेट।** कुलदीप यादव टी20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को



वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है। पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था। वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट ले लिए हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है।

### स्टार्क के घर में है टेनिस कोर्ट और स्वीमिंग पूल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क कमाई के मामले में रोहित शर्मा और कोहली से पीछे नहीं है।




मिचेल स्टार्क की नेटवर्थ लगभग 300 करोड़ रुपए है। मिचेल स्टार्क अपनी पत्नी के साथ नॉर्थ सिडनी में रहते हैं। यह आलीशान घर किसी भी शख्स का सपना है। उनके घर का नाम शेरलट पार्ख है। स्टार्क का यह घर 1.8 हेक्टर के क्षेत्र में फैला हुआ है। इस घर में घुड़सवारी करने की जगह है।

*तीसरे और अंतिम वनडे में 6 विकेट से दर्ज की जीत*

# वनडे : भारत ने किया दक्षिण अफ्रीका का सूपड़ा साफ, मंधाना शतक से चूकीं

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु




गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद स्मृति मंधाना की अगुवाई में शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त देकर तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। मंधाना लगातार तीसरे मैच में शतक लगाने से चूक गई। उन्होंने 83 गेंद में 11 चौके की मदद से 90 रन की पारी खेली।

दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट पर 215 रन पर रोकने के बाद भारत ने 40.4 ओवर में चार विकेट पर 220 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। पिछले दो मैचों में 117 और 136 रन की पारियां खेलने वाली मंधाना ने इस मैच में तीन शानदार साझेदारी कर टीम की जीत में योगदान दिया। उन्होंने पहले विकेट के लिए शेफाली वर्मा (25) के साथ 71 गेंद में 61 जबकि दूसरे विकेट के लिए प्रिया पूनिया (28) के साथ 66 गेंद में 62 रन की साझेदारी की। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर (42) के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 48 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत ने 48 गेंद की पारी में दो चौके लगाए।

### श्रीजा ने डब्लूटीटी कंटेंडर में जीते दो स्वर्ण पदक

लागोस। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला रविवार को फाइनल में चीन की डिंग यिजी को 4-1 से हराकर डब्लूटीटी कंटेंडर एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी। श्रीजा ने अर्चना कामथ के साथ मिलकर महिला युगल में हमवतन दीया चिताले और यशस्विनी घोरपड़े को 3-0 (11-9 11-6 12-10) से हराकर दूसरा स्वर्ण भी जीता। इस तरह भारत ने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ अपना अभियान खत्म किया। भारत ने पुरुष युगल वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीता। हरमीत देसाई और मानव ठक्कर की जोड़ी ने अजीज सोलंके और ओलाजिदे ओमोटायो को 3-0 (11-811-9, 11-8) से हराया। महिला एकल फाइनल में अकुला ने चीनी प्रतिद्वंद्वी को 11-9 11-6 11-8 11-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

# इंग्लैंड ने टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ⏭ ब्रिजटाउन



गत चैंपियन इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज क्रिस जोर्डन की हैट्रिक के बाद कप्तान जोस बटलर (नाबाद 83 रन) के तूफानी अर्धशतक से रविवार को यहां सुपर आठ के मैच में सह मेजबान अमेरिका को 10 विकेट से रौंदकर शान से टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद जोर्डन की हैट्रिक और अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका को 18.5 ओवर में 115 रन पर ढेर कर दिया। बटलर की 38 गेंद में छह चौके और सात छक्के जड़ित आतिशी पारी से इंग्लैंड 9.4 ओवर में 117 रन बनाकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने वाली पहली टीम बनी। मार्क वुड की जगह अंतिम एकादश में शामिल किए गए जोर्डन ने 2.5 ओवर में 10 रन देकर चार विकेट झटके। जोर्डन ने 19वें ओवर में हैट्रिक सहित सभी चारों विकेट झटककर दिन अपने लिए यादगार बना दिया।

### क्रिकेट

# आज भारत से हारने पर आस्ट्रेलिया होगा बाहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्रोस आइलेट

■ टी20 विश्व कप सुपर आठ

आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने आखिरी मैच में सोमवार को आस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम चार में प्रवेश के इरादे से उतरेगी।

अफगानिस्तान से अप्रत्याशित हार के बाद आस्ट्रेलिया के लिए यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। भारतीय टीम लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष रहकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी। अफगानिस्तान से रविवार की सुबह को हारी 2021 की चैंपियन आस्ट्रेलियाई टीम को हारने पर बाहर होना पड़ सकता है। अफगानिस्तान से हारने के बाद अब आस्ट्रेलिया को जीतने के साथ यह दुआ भी करनी होगी कि राशिद खान की टीम सोमवार की रात बांग्लादेश से मुकाबला हार जाए।

आईसीसी टूर्नामेंटों में अक्सर आस्ट्रेलिया से हारने वाली भारतीय टीम अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से जल्दी बाहर करने की फिराक में होगी। भारत ने सुपर आठ में अफगानिस्तान और बांग्लादेश को हराया है।

### वेस्टइंडीज-अफ्रीका के बीच 'करो या मरो' का मुकाबला

**नॉर्थ साउंड।** मेजबान वेस्टइंडीज को टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सोमवार को सुपर आठ चरण का आखिरी मुकाबला हर हालत में जीतना होगा। सुपर आठ चरण के पहले मैच में इंग्लैंड से हारने के बाद वेस्टइंडीज ने सह मेजबान अमेरिका को नौ विकेट से हराया। अब जीत के साथ उसका अंतिम चार में प्रवेश तय हो जाएगा जबकि हारने पर मामला नेट रनरेट पर जाएगा और वह भी तब जबकि अमेरिका दूसरे मैच में इंग्लैंड को हरा दे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक सभी छह मैच जीते हैं लेकिन उसे भी जीत की जरूरत है। हारने पर उसका अंतिम चार में पहुंचना भी बाकी मैचों के नतीजों और नेट रनरेट पर टिका होगा। दोनों टीमों के सामने हालांकि मैच से पहले तस्वीर साफ होगी।

# रिकर्व तीरंदाजों ने जीते दो कांस्य विश्व कप में भारत के नाम 4 पदक

एजेंसी ⏭ अंताल्या

धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय मिश्रित रिकर्व टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता।



भारत ने इसके साथ ही अपना अभियान चार पदकों के साथ खत्म किया। भारत के पास एक और पदक जीतने का मौका था लकिन अंकिता भगत महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की यांग शियाओली से मामूली अंतर से हार गईं। यांग ने फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता लेकिन अंकिता कांस्य पदक के मैच में भी हार गई। मिश्रित युगल में तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पहला सेट हारने के बाद 0-2 से पिछड़ रही थी लेकिन उसके बाद उसने बेहतरीन वापसी करके मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे को 5-3 (35-38, 40-39, 38-37, 38-38) से हराया। धीरज ने इसके बाद व्यक्तिगत वर्ग के क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहने के बाद देश को एक और पदक दिलाया। उन्होंने इटली के नौवें वरीय मार्को नेस्पोली को 7-3 (28-27, 29-28, 27-28, 28-28, 30-29) से हराया।

*टियेलेमेंस ने दूसरे मिनट में पहला गोल*

# यूरो 2024 : बेल्जियम ने रोमानिया को हराया




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलोन

पहले मैच में स्लोवाकिया से हारने के सदमे से उबरते हुए बेल्जियम ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के मैच में शनिवार को रोमानिया को 2-0 से हरा दिया। यूरी टियेलेमेंस ने दूसरे मिनट में पहला गोल किया जबकि केविन डि ब्रूइने ने दूसरे हाफ में दूसरा गोल दागा। बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने के लिए पहुंची थी। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम 2022 विश्व कप से ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी। इस जीत के बाद अब ग्रुप ई की चारों टीमों के तीन तीन अंक है और बुधवार को उन्हें आखिरी ग्रुप मैच खेलना है।

## सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए नहीं दिया था नमूना

# नाडा ने बजरंग पूनिया को फिर किया निलंबित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया। इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था।

नाडा ने 23 अप्रैल को टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए मूत्र के नमूने नहीं दिए थे। खेल की विश्व नियामक ईकाई यूडब्लूडब्लू ने भी उन्हें निलंबित किया था। बजरंग ने इस अस्थायी निलंबन के खिलाफ अपील दायर की थी और नाडा के डोपिंग निरोधक अनुशासन पेनल ने नाडा के आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी करने तक इसे रद्द कर दिया था। नाडा ने रविवार को पूनिया को नोटिस जारी किया। नाडा ने पूनिया को भेजे नोटिस में कहा, 'यह आपके लिए औपचारिक नोटिस है कि आपको राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक नियमों की धारा 2.3 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है और अब आप अस्थायी रूप से निलंबित हैं। पूनिया को आरोप स्वीकार करने या सुनवाई का अनुरोध करने के लिए 11 जुलाई तक का समय दिया गया है।

### निलंबन को चुनौती देंगे

पूनिया का कहना है कि उन्होंने कभी भी नमूना देने से इनकार नहीं किया लेकिन वह अपनी ईमेल पर नाडा का जवाब चाहते हैं जिसमें उन्होंने यह जानने की मांग की थी कि उन्हें दिसंबर 2023 में नमूना लेने के लिए 'एक्सपायर्ड' किट क्यों भेजी गई थीं। बजरंग के वकील विधुष्पत सिंघानिया ने बताया कि वे निलंबन को चुनौती देंगे। सिंघानिया ने कहा, 'हां, हमें जवाब दाखिल करना होगा।'




# कुम्हारी नपा सीएमओ को हाईकोर्ट का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

स्वास्थ्यगत कारणों से अवकाश पर रहने और मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के बाद भी याचिकाकर्ता को कुम्हारी नगरपालिका के सीएमओ ने वेतन का भुगतान नहीं किया। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सीएमओ को नोटिस जारी कर याचिकाकर्ता के लंबित वेतन का भुगतान करने के निर्देश दिया हैं।



कोमल राम डडसेना ने अधिवक्ता अनिल तावड़कर के माध्यम से छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा है कि वह कुम्हारी नगर पालिका में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। तबीयत खराब होने के कारण जुलाई से नवंबर 2020 तक अवकाश पर थे। इस दौरान अस्पताल में इलाज चल रहा था। नगर पालिका में मेडिकल बोर्ड का सर्टिफिकेट उन्होंने प्रस्तुत किया था।

पांच दिसंबर 2022 को प्रेसिडेंट इन कौंसिल की बैठक में मेडिकल बोर्ड के सर्टिफिकेट पर चर्चा हुई व कौंसिल ने लंबित वेतन का भुगतान करने का प्रस्ताव पारित कर अपनी सहमति दे दी थी। याचिकाकर्ता ने कहा कि प्रेसिडेंट इन कौंसिल की सहमति के बाद भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने वेतन का भुगतान नहीं किया है। मामले की सुनवाई जस्टिस एनके व्यास की सिंगल बेंच में हुई। प्रकरण की सुनवाई के बाद जस्टिस व्यास ने कुम्हारी नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोटिस जारी कर याचिकाकर्ता के लंबित वेतन का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अंतिम सुनवाई के लिए कोर्ट ने 14 अगस्त की तिथि तय कर दी है।

# एक-दूजे के हुए सोनाक्षी-जहीर, मां की विंटेज साड़ी में नजर आईं दुल्हन



सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी के दिन अपनी मां पूनम सिन्हा की साड़ी पहनकर अपने दिन को और भी ज्यादा स्पेशल बना दिया। वहीं अब जहीर इकबाल मैचिंग ऑफ-व्हाइट आउटफिट में दिखे। सोनाक्षी ने गले में चॉकर हार, कानों में स्टड पहने थे। वहीं हाथों में गोल्डन कलर के कंगन पहने नजर आईं। बता दें कि सोनाक्षी और जहीर के रिश्ते की शुरुआत आज से 7 साल पहले यानी की हुई थी। वेडिंग सेरेमनी पर शत्रुघ्न सिन्हा और पूनम सिन्हा के अलावा कुश सिन्हा सहित जहीर का पूरा परिवार मौजूद था। शादी में आए पारिवारिक एवं बॉलीवुड के मित्रों ने जमकर जश्न मनाया।



## हम अब पति-पत्नी हैं- सोनाक्षी-जहीर

सोनाक्षी और जहीर ने लिखा, 'आज ही के दिन, 7 साल पहले हमने एक-दूसरे की आंखों में प्यार को उसके सबसे शुद्ध रूप में देखा और उसे थामे रखने का फैसला किया। आज उस प्यार ने हमें सभी चुनौतियों और जीत के माध्यम से मार्गदर्शन किया है... इस पल तक ले गया... जहां हमारे दोनों परिवारों और हमारे दोनों देवताओं के आशीर्वाद से... हम अब पति-पत्नी हैं। यहां प्यार, उम्मीद और एक दूसरे के साथ सभी खूबसूरत चीजें हैं।'



## कौन हैं जहीर इकबाल

पेशे से अभिनेता जहीर का जन्म 10 दिसंबर, 1988 को मुंबई में हुआ। उनका पूरा नाम जहीर इकबाल रतानसी है। 2014 में जहीर ने सलमान की फिल्म 'जय हो' में बतौर सह-निर्देशक काम किया था। 5 साल बाद जहीर ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा और रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'नोटबुक' में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई। 2022 नें जहीर ने सोनाक्षी के साथ फिल्म 'डबल XL' में काम किया था। दोनों म्यूजिक वीडियो 'ब्लॉकबस्टर' में भी नजर आ चुके हैं।

# खूबसूरत होने पर भी बहुत खतरनाक है ये द्वीप, पानी में तैरने से डरते हैं लोग



**न्यूयार्क।** हिंद महासागर में मौजूद रीयूनियन द्वीप में कई देशों के लोग मिल कर रहते हैं। कुदरती नजारों से भरपूर यह द्वीप तैराकों और सर्फिंग करने वालों के लिए बहुत ही खतरनाक माना जाता है। यहां के ज्वालामुखियों और गुफाओं ने यहां की सुंदरता को बढ़ाने का काम किया है।

अपने खूबसूरत नज़ारों और आकर्षक समुद्र तटों के बावजूद, रीयूनियन द्वीप अपने पानी के नीचे एक खतरनाक रहस्य छुपाए हुए है। शार्क के हमलों ने इस द्वीप को त्रस्त कर दिया है, जिससे यह तैराकों और सर्फ़रों के लिए सबसे खतरनाक जगहों में से एक बन गया है। हिंद महासागर के बीच में मौजूद यह द्वीप अपनी कई खासियतों के लिए मशहूर है।

रीयूनियन द्वीप का सक्रिय ज्वालामुखी ले पिटोन डे ला फोरनेज 1640 से अब तक सौ से भी ज्यादा बार फट चुका है। जब इससे धुआं निकलता है तो पूरे द्वीप से दिखाई देता है। इसकी कुल तटरेखा सिर्फ़ 207 किमी है। यहां पर लावा बहना लोग बहुत खास बात नहीं मानते हैं।

## नेशनल पार्क और विश्व धरोहर

रीयूनियन द्वीप के दिल में छिपे हुए गांव हैं, जो इतने दूर और ऊंचे पहाड़ों में हैं कि बेकरी और किराने की दुकानों को हेलीकॉप्टर से आपूर्ति करनी पड़ती है। वहां केवल पैदल या हेलीकॉप्टर से ही पहुंचा जा सकता है। इस जगह के शुरुआती निवासी भागे हुए गुलाम थे। उन्होंने इन सुदूर स्थानों को अपनी शरणस्थली के रूप में चुना, क्योंकि वहां पहुंचना बहुत कठिन था। कम लोग जानते हैं कि रीयूनियन एक नेशनल पार्क और विश्व धरोहर है। ज्वालामुखियों की चोटियां और घाटियां शानदार कुतरती नजारे बनाती हैं। वर्षावन, धुंध भरे दलदल और अधिकांश समय बारिश यहां के जंगल को बहुत ही अनोखा बना देती हैं।

# 39 साल पहले बस स्टॉप से गायब हुई थी लड़की लौटी घर, लेकिन मां को नहीं हो रहा भरोसा

**न्यूयार्क।** साल 1985 की बात है। तारीख थी 22 फरवरी। जब एक 8 साल की लड़की को स्कूल बस ने उसके घर के पास वाले बस स्टैंड के पास छोड़ा। लेकिन वो लड़की अपने घर नहीं पहुंच पाई।

अचानक वो कहां गायब हो गई, किसी को पता नहीं चला। तब पुलिस में इसकी जानकारी भी दी गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। लेकिन अब 39 सालों बाद अचानक वो लड़की 46 साल की महिला के रुप में सबके सामने आ गई।

चेरी की मां जेनिस मैकिनी ने कथित तौर पर महिला के इस दावे को खारिज कर दिया है कि वह उनकी बहुत समय पहले खोई हुई बेटी है, जो अब 46 वर्ष की हो चुकी है। चेरी की मां मैकिनी ने अपनी शंकाएं जाहिर करते हुए कहा, 'मुझे उस लड़की पर बिल्कुल विश्वास नहीं है। हो सकता है कि उसने अपने मन में सोचा होगा कि वह चेरी है, जबकि वह चेरी जैसी बिल्कुल भी नहीं दिखती।' हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब किसी महिला ने खुद को चेरी बताया। इससे पहले तीन अन्य महिलाएं भी चेरी होने का दावा कर चुकी हैं।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com